पंजाब केसरी 17/04/2025

जी.एम.एन. कॉलेज में डिजिटल मीडिया में करियर की संभावनाओं पर हुआ इंटरैक्टिव सैशन

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में डिजिटल मीडिया में करियर की संभावनाओं पर चर्चा के लिए पहुंचे विशेषज्ञों का स्वागत करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त।

अम्बाला, 16 अप्रैल (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में जनसंचार विभाग और संगीत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष इंटरैक्टिव सैशन का आयोजन किया गया, जिसका विशेष डिजिटल मीडिया में करियर की संभावनाओं पर चर्चा करना था। कार्यक्रम में हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा और ओ.टी.टी. विशेषज्ञ नितिन गुप्ता मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि आज के समय में ओ.टी.टी. माध्यमों ने मनोरंजन की दुनिया में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। कॉलेज विद्यार्थियों के लिए यह जरूरी है कि वे इन परिवर्तनों को समझें और इनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलें। ऐसे प्लेटफॉर्म्स से जुड़ना विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव देने के साथ-साथ उन्हें करियर के नए रास्ते भी दिखाएगा।

हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों को नई सोच, रचनात्मकता और मेहनत से ओ.टी.टी. माध्यमों में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। नितिन गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल मीडिया का भविष्य उज्ज्वल है। उनका उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल तकनीकी ज्ञान देना है, बल्कि उन्हें प्रोडक्शन, स्क्रिप्टिंग, एडिटिंग और कंटैंट डिस्ट्रीब्यूशन जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक मार्गदर्शन भी देना है। मंच संचालन की जिम्मेदारी डा. अमित ने संभाली।

अंत में, जनसंचार विभाग की प्राध्यापिका सुषमा शर्मा ने विशेषज्ञ टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सैशन छात्रों के करियर निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। भविष्य में ऐसे और कार्यक्रमों की योजना बनाई जाएगी।

कार्यक्रम में डा. चंद्रपाल पूनिया, डा. नेहा, प्रो. सुषमा शर्मा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मीडिया स्कॉलर अनिल यादव और राजेंद्र मीरवाल सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।